# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–29 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इक्कीसवीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश के हर विद्यार्थी के लिए विश्व स्तरीय ज्ञान सुगम बना रही है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सरकार, शिक्षा समुदाय, उद्योग और नवोन्मेषक समुदाय के नेताओं के पहले रणनीतिक सम्मेलन युग्म को संबोधित करते हुए यह बात कही।

***ये जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उनको भारत के उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करें। इसमें बड़ी भूमिका देश के एजुकेशन सिस्टम की भी होती है। देश में नई नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लाई गई है। इसे शिक्षा के ग्लोबल स्टेंडर्ड को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विश्वविद्यालय परिसर गतिशील केन्द्रों के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक सब्सक्रिप्शन, विश्व स्तरीय ज्ञान को हर विद्यार्थी के लिए सुगम बना रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस– एआई को उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सरकार मेक एआई इन इंडिया के दृष्टिकोण पर कार्य कर रही है।

***हमें ए आई को लगातार प्रमोट करना होगा। आज हम देख रहे हैं कि भारत ए आई डेवलेपमेंट एंड एडप्शन में आगे रहने वाले देशों में शामिल है। इसके विस्तार के लिए सरकार ने इंडिया ए आई मिशन को लॉन्च किया है। इससे वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर हाई क्वालिटी डेटा स्पेस और रिसर्च फैसिलिटी तैयार किए जाएंगे।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज देवरिया में छः सौ छिहत्तर करोड़ की पांच सौ एक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने पहलगाम में हुयी आतंकवादी घटना की चर्चा की और उसकी कड़ी निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरन्तर सख्त कार्रवाई की जा रही है। पूरा देस एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देवरिया में हुए विकास कार्यों की भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने आज ही गोरखपुर के चरगांवा में नगर निगम द्वारा आठ करोड़ उन्तालीस लाख रूपये की लागत से बनाए गये गारबेज ट्रांसफर स्टेशन का लोकार्पण भी किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज देवरिया में छः सौ छिहत्तर करोड़ की पांच सौ एक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने पहलगाम में हुयी आतंकवादी घटना की चर्चा की और उसकी कड़ी निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरन्तर सख्त कार्रवाई की जा रही है। पूरा देस एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देवरिया में हुए विकास कार्यों की भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने आज ही गोरखपुर के चरगांवा में नगर निगम द्वारा आठ करोड़ उन्तालीस लाख रूपये की लागत से बनाए गये गारबेज ट्रांसफर स्टेशन का लोकार्पण भी किया।

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने आज अम्बेडकरनगर जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। इस मौके पर श्री पाठक ने जिले के अस्पतालों में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उप मुख्यमंत्री ने नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में नवनिर्मित विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण किया और समाजसेवी स्वर्गीय अनिरूद्ध सिंह की मूर्ति का अनावरण भी किया।

**********

अयोध्या में एयरपोर्ट की तर्ज पर दो सौ पचास करोड़ रुपये की लागत से बस टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अपने अयोध्या दौरे के दौरान दी। उन्होंने बताया कि नये बस टर्मिनल में मॉल से लेकर होटल तक की व्यवस्था होगी। अयोध्या धाम के धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इसे मंदिर मॉडल में तैयार किया जाएगा।

**********

प्रदेश भर में आज परशुराम जयंती मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। परशुराम जयंती के अवसर पर आज सुबह अयोध्या के श्रीराम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज दंड भी स्थापित कर दिया गया। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि स्थापित किये गये ध्वज दंड की लंबाई बयालिस फीट है।

**********

उत्तराखंड में कल गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके साथ ही आधिकारिक रूप से वर्ष दो हजार पचीस की चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो जाएगा।

आकाशवाणी से चार धाम यात्रा के उद्‌घाटन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। गंगोत्री धाम के खुलने का सीधा प्रसारण कल सुबह दस से ग्यारह बजे तक होगा, जबकि यमुनोत्री धाम का सीधा प्रसारण साढे ग्यारह से साढे बारह बजे तक होगा। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने का सीधा प्रसारण दो मई को सुबह छह बजे होगा, जबकि बद्रीनाथ धाम के खुलने का सीधा प्रसारण चार मई को सुबह साढे छह बजे से साढे सात बजे तक होगा।

यह सीधा प्रसारण आकाशवाणी के इंद्रप्रस्थ, एफएम गोल्ड और आराधना चैनल के साथ–साथ न्यूज ऑन एयर ऐप पर भी उपलब्ध होगा। यात्रा से जुड़ी रिपोर्ट भी कल से चार मई तक हर दिन शाम साढे सात से सात बजकर पैंतालिस मिनट तक प्रसारित की जाएगी।

**********